पाठ - 8 शाम - एक किसान

अतिरिक्त प्रश्नोत्तर :-

(क) कौन किस रूप में बैठा है?

(ख) जंगल में खिले पलाश के फूल कैसे प्रतीत होते हैं?

(ग) अंधकार दूर सिमटा कैसा लग रहा है?

(घ) इस कविता में किस वातावरण का चित्रण है?

(ङ) दूर फैला अंधकार कैसा दिख रहा है?

(च) किसे अँगीठी बताया गया है और क्यों ?

(छ) किसको किस रूप में चित्रित किया गया है?

NCERT प्रश्नोत्तर :-

1. इस कविता में शाम के दृश्य को किसान के रूप में दिखाया गया है – यह एक रूपक है। इसे बनाने के लिए पाँच एकरूपताओं की जोड़ी बनाई गई है। उन्हें उपमा कहते हैं। पहली एकरूपता आकाश और साफ़े में दिखाते हुए कविता में 'आकाश का साफ़ा' वाक्यांश आया है। इसी तरह तीसरी एकरूपता नदी और चादर में दिखाई गई है, मानो नदी चादर-सी हो। अब आप दूसरी, चौथी और पाँचवी एकरूपताओं को खोजकर लिखिए।

उत्तर:- दूसरी एकरूपता – चिलम सूरज-सी
चौथी एकरूपता – अँगीठी पलाश के फूलों-सी
पाँचवी एकरूपता – अंधकार भेड़ों के गल्ले-सा।

2. शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए –
क) शाम कब से शुरू हुई?
ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?
ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?

उत्तर:- क) शाम करीब 6 बजे शुरू हुई।
ख) तब से लेकर सूरज डूबने में करीब एक घंटे का समय लगा।
ग) इस बीच आसमान का रंग लाल और कुछ देर बाद पीले रंग में परिवर्तित हो गया और कुछ देर बाद सूरज आसमान से गायब हो गया और चारों ओर अँधेरा छा गया।

3. इस कविता को चित्रित करने के लिए किन-किन रंगों का प्रयोग करना होगा?

उत्तर:- इस कविता को चित्रित करने के लिए हमें नीले, पीले, भूरे, लाल, सफ़ेद, काले, सुनहरे, हरे, बैंगनी आदि अनेक रंगों की आवश्यकता पड़ेगी।